केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा
(CENTRAL INSTITUTE OF HINDI, AGRA)
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
(Ministry of Education, Govt. of India)
हिंदी संस्थान मार्ग, आगरा – **282005 (Hindi Sansthan Marg, Agra - 282005)**

Advertisement No. : 17/2022

प्रवक्ता (अनुबंध) पद के लिए आवेदन हेतु सामान्य निर्देश

(General Instructions to Apply for the Post of Lecturer (on contract)

1. केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा, भारत और विदेशों में हिंदी भाषा के संवर्धन और प्रचार-प्रसार के लिए गतिविधियों को संचालित करने के लिए स्थापित एक विशिष्ट संस्थान है। संस्थान में शैक्षणिक-कार्यों और परीक्षा के माध्यम के रूप में हिंदी को अपनाया गया है और इसलिए स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में हिंदी वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी ।
   The Central Institute of Hindi, Agra, is an institute specially established to perform the activities for the promotion and propagation of Hindi Language in India and abroad. Hindi is adopted as the medium of instructions and examination in the institute and therefore the candidates having Hindi as a subject at graduate level shall be given preference.
2. अभ्यर्थियों को आवेदन करने से पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि वे विज्ञापन में निर्धारित मानदंडों के अनुसार आवेदन की पात्रता रखते हैं । यदि अभ्यर्थी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में अपात्र पाया जाता है तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उनकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी । कोई जानकारी छिपाने या गलत जानकारी प्रस्तुत करने से भी भर्ती के किसी भी चरण में अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी।
   Candidates must ensure before applying that they are eligible according to the criteria stipulated in the advertisement. If the candidate is found ineligible at any stage of recruitment process, he/she will be disqualified and their candidature will be cancelled. Hiding of information or submitting false information will lead to cancellation of candidature at any stage of recruitment.
3. संस्थान बिना कोई कारण बताए इस भर्ती प्रक्रिया को संशोधित/पुनर्निर्धारित/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है । इस संबंध में संस्थान का निर्णय अंतिम होगा और किसी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।
   The Institute reserves the right to Revise/ Reschedule/ Cancel/ Suspend the recruitment process without assigning any reason. The decision of the Institute shall be final and no appeal in this regard shall be entertained.
4. संस्थान बिना कोई कारण बताए किसी प्रकार की विसंगति के मामले में पदों/रिक्तियों की संख्या और प्रकृति को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है ।
   The Institute reserves the right to change the number and nature of posts/vacancies in case of any discrepancy without assigning any reason.
5. भर्ती प्रक्रिया से संबंधित संशोधन/ परिवर्तन/ अद्यतन सूचना केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा की आधिकारिक वेबसाइट www.khsindia.org पर उपलब्ध होगी।

Any corrigendum/ changes/ updates related to the recruitment process shall be available on official website of Kendriya Hindi Sansthan of Agra www.khsindia.org

6. एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक अभ्यर्थी प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत करें।
   Candidates desirous of applying for more than one post should submit separate application for each post.
7. केवल संबंधित शैक्षिक बोर्ड द्वारा जारी मैट्रिकुलेशन/एसएससी प्रमाण पत्र/पासिंग प्रमाण पत्र को ही जन्म तिथि का प्रमाण माना जाएगा। जन्मतिथि के सत्यापन के लिए कोई अन्य दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा।
   Only matriculation/SSC certificate/passing certificate issued by the concerned educational board will be considered as proof of date of birth. No other document will be accepted for verification of date of birth.
8. पात्रता, आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन के तरीके और साक्षात्कार के संचालन से संबंधित सभी मामलों में संस्थान का निर्णय अंतिम और अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा और इस संबंध में कोई जांच/पुनर्विचार या पत्राचार नहीं किया जाएगा ।
   The decision of the Institute in all matters relating to eligibility, acceptance or rejection of applications, mode of selection and conduct of interview will be final and binding on the candidates and no enquiry or correspondence will be entertained in this connection.
9. आवेदकों को चल-साक्षात्कार के समय आवेदन से संदर्भित/ अपेक्षित सभी दस्तावेज और प्रमाण पत्र आदि प्रस्तुत करने होंगे।
   Applicants will have to produce the requisite documents & certificates etc.at the time of walk in interview.
10. जिन मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों द्वारा ग्रेडिंग प्रणाली अपनाई गई है, वहाँ 55% के समतुल्य प्रासंगिक ग्रेड को भी स्वीकार किया जाएगा।
    Relevant grade which is regarded as equivalent of 55% where the grading system is followed by recognized University shall also be considered eligible.
11. अधूरे आवेदनों को प्रथमदृष्टया ही अस्वीकार कर दिया जाएगा।
    Incomplete applications shall be summarily rejected.
12. संस्थान द्वारा सौंपे गए कर्तव्यों और कार्यों का निर्वहन करने के लिए अभ्यर्थियों का उत्तम स्वास्थ्य होना आवश्यक है।
    Candidates must be in sound health to perform the duties and works given by the Institute.
13. सभी शैक्षणिक पदों के लिए हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं का ज्ञान वांछनीय योग्यता है । इसके अलावा कंप्यूटर ऑपरेटिंग और अन्य सूचना एवं संचार तकनीकी/ शैक्षिक तकनीकी टूल्स के संचालन का अच्छा ज्ञान रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी ।
    Knowledge of Hindi and English Languages is a desirable qualification for all the teaching posts. Besides that, candidates having good knowledge of operating Computer and other ICT/ ET tools will be preferred.
14. चल-साक्षात्कार के समय आवेदक के योग्यता, अनुभव आदि का आकलन किया जाएगा। आवेदन से संबंधित दस्तावेजों, प्रमाणपत्रों और संलग्नक आदि (जिनका उसने आवेदन पत्र में उल्लेख किया है) की शुद्धता एवं प्रामाणिकता के लिए केवल अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।
    Qualification, experience, etc. will be reckoned at the time of walk in interview. The candidate will only be responsible for the significance of relevant documents, certificates, enclosures etc. mentioned in their applications forms.

15. संस्थान की ओर से साक्षात्कार पत्र सहित सभी तरह का पत्राचार, आवेदन पत्र में आवेदक द्वारा उल्लिखित ई-मेल पते पर ही भेजा जाएगा। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से संस्थान की वेबसाइट (www.khsindia.org) देखते रहें।
All correspondence from the Institute including interview letter, if any, shall be sent only at the e-mail address provided by the applicant in the application form. The applicants are advised to check the website of the Institute (www.khsindia.org) regularly for updates.
16. किसी भी रूप में की गई सिफ़ारिश को पद पर चयन के लिए अयोग्यता के तौर पर लिया जाएगा।
Canvassing in any form and will be treated as a disqualification for the post.
17. इस विज्ञापन से जुड़े दावे या विवाद के किसी भी मामले में विधिक कार्यवाही और/या उसके प्रत्युत्तर के लिए केवल आगरा और प्रयागराज के उपयुक्त न्यायालय/अधिकरण/फ़ोरम ही मान्य होंगे।
Any legal proceedings in respect of any matter of claim or dispute arising out of this advertisement and/or an application in response thereto can be instituted only in Agra and courts/tribunals/ forums at Prayagraj.

- कुलसचिव/**REGISTRAR**